दिनांक 23.02.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बांका जिलान्तर्गत बाराहाट प्रखंड के महुआ, खड़हरा पंचायत में पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य से प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री कुमार रवि,<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | अध्यक्ष |
| (ii) | श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |
| (iii) | श्री मनोज कुमार सिंह,<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |
| (iv) | श्री विकास कुमार पाण्डेय,<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | बांका जिलान्तर्गत बाराहाट प्रखंड के महुआ, खड़हरा पंचायत में पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹250.23129 लाख (संयुक्त सचिव, पंचायती राज विभाग का ज्ञापांक-53(स्वी0) दिनांक-25.10.2024)। |
| 3 | मॉडल तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹2,55,82,984/- (मु0अभि0 (द0) का पत्रांक-1033(द0) अनु0 दिनांक-04.06.2024)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि (मॉडल) | - | ₹ 2,39,89,227/- |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹5,08,09,608/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-021156(भ0)25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र मे दिनांक-09.01.2026 को प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 05.01.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 27.01.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 07.02.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 08.02.2026 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - | अनन्या इन्फ्रासिटी, खजपुरा, पटना (Reg. No-2210067, Class-II, BCD, Bihar)। |

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में Eproc 2 पर परिमाण-विपत्र अपलोड रहने की न्यूनतम अवधि से कम दिन तक अपलोड रहने के कारण निविदा को त्रुटि पूर्ण मानते हुए पुनर्निविदा करने निर्णय लिया गया।

E:/V/PSB-F. P./2026/docx 7

**तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक-16.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं प्रत्येक निविदाकार से निविदा की वैधता बढ़ाने पर सहमति पत्र अप्राप्त होने के कारण पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**चतुर्थ बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 18.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बांका द्वारा निविदा मे शामिल कुल एकमात्र निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा एकमात्र निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**निविदाकार** अनन्या इन्फ्रासिंटी, खजपुरा, पटना (Reg. No-2210067, Class-II, BCD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

इस प्रकार एकमात्र निविदाकार को तकनीकी बीड में **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदाकार अनन्या इन्फ्रासिंटी, खजपुरा, पटना को **सफल** घोषित करने की अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

विषयांकित कार्य बांका जिलान्तर्गत बाराहाट प्रखंड के महुआ, खड़हरा पंचायत में पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक-18.02.2026 की बैठक में की गई अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-01.03.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|---|
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (मनोज कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांक भवन/मु0अभि0(द0)यो0तु0वि0-03-83/2025.....668 ........ पटना/दिनांक 23/02/26

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23/02/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/PSB-F. P./2026/docx 8